

# सिलेण्डर की कमी से जूझ रहे लोग ढूढ़ रहे केरोसिन

## नम्बर लगाने के बाद भी करना पड़ रहा उपभोक्ताओं को हफ्तों इंतजार



नवभारत न्यूज

**सतना, 2 अप्रैल. कुकिंग गैस की मारामारी से परेशान लोग अब ऊर्जा के दूसरे वैकल्पित उपक्रमों पर विचार करने लगे हैं. बाजार में इंडेक्शन चूल्हे की मांग पहले ही आसमान छू चुकी है अब लोग फिर से मिट्टी का तेल ( केरोसिन ) की पूछताछ करने लगे हैं.**

युद्धके कारण अनियमित हुई कुकिंग गैस सप्लाई पर फिलहाल नियंत्रण होता नहीं नजर आ रहा. दिनों दिन लोगों के बीच सिलेण्डर को लेकर मारामारी बढती जा रही है. परेशान उपभोक्ताओं को एजेन्सी यह कह कर टाल रही है कि पहले 25 दिन बाद आप नम्बर लगाएगे इसके बाद आपको सिलेण्डर मिलने में 10 दिन का वक्त लग सकता है. इन परिस्थितियों से भयभीत लोग अब कुकिंग के वैकल्पिक साधनों की तरफ भागने लगे हैं. हालत यह है कि बाजार में आईएसआई मार्का वाले इण्डेसन चूल्हे पहले की निर्धारित कीमत से डेढ से दो गुना अधिक कीमत पर बेचे जा रहे हैं. इसके अलावा बड़े पैमाने पर लोकल ब्राण्ड भी बाजार में आ चुके हैं जिनकी सुरक्षा को लेकर प्रश्नचिन्ह पहले ही लगा हुआ है.

लोग केरोसिन लेने के लिए पेट्रोल पम्पों से सम्पर्क कर रहे हैं शहर में फिलहाल अधिकृत तौर पर मिट्टी के तेल बिक्री का लाइसेंस किसी के पास नहीं होने के कारण लोगों को इस मामले में मायूसी हाथ लग रही है.

### जिम्मेदार मौन

दिनों दिन बढ़ रही सिलेण्डर की मारामारी में जिले का खाद्य विभाग का अमला और कुकिंग गैस सप्लायर कम्पनियों के अधिकारी कर्मचारी कहीं भी किसी उपभोक्ता के मदद के लिए सामने नहीं आ रहे हैं . न ही प्रशासन अथवा कम्पनी ने उपभोक्ताओं के लिए किसी प्रकार के हेल्प लाइन नम्बर जारी कर मदद का प्रयास किया हो . ऐसा अनुमान है कि यदि इस स्थिति में जल्दी सुधार नहीं हुआ तो जिले के हालात और खराब हो सकते हैं .

### भंडारों में दिखा असर

कुकिंग गैस की कमी के कारण हनुमान जयंती पर जगह जगह होने वाले भण्डारों की संख्या इस वर्ष सीमित रही . कई स्थानों पर लोगों को गैस भट्ठी के बावजूद चूल्हे पर खाना बनाते देखा गया है . पूछने पर बताया गया है कि जिन लोगों ने सिलेण्डर दिलवाने का आश्वासन दिया था ऐन वक्त पर असमर्थता व्यक्त कर गए . ऐसी स्थिति में जमीन पर ही चूल्हा बनाकर बजरंगबली का प्रसाद बनाने के लिए मजबूर होना पड़ा .



# चंदन के आठ हरे पेड़ काट ले गए चोर

नवभारत न्यूज

**सतना, 2 अप्रैल. जिले के उचेहरा थाना क्षेत्र के अतरवेदिया गांव में बीती बुधवार गुरुवार की रात पाण्डेय परिवार की बगिया ( कोरिया ) अज्ञात चोर सुनियोजित ढंग बेशकीमती चंदन के आठ पेड़ काट ले गए। 7 साल पूर्व 2019 में भी यहीं से चोर चंदन के 7 पेड़ काट ले गए थे। जिसका सुराग आज तक नहीं लगा।**

बताया जाता है कि जिला चिकित्सालय सतना में पदस्थ जनपद के अतरवेदिया निवासी डॉ नीलेश पांडेय पिता सरोज पांडेय के घर से बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने कटर मशीन से चंदन के हरे 8 नग पेड़ काट रफू चक्कर हो गए और घटना की किसी को कानों कान खबर तक नहीं लगी।

बताया जाता है कि डाक्टर पांडेय के कुछ साल पहले भी चोर चंदन का पेड़ काट ले गए थे। चंदन की लक?ी एक कीमती लकड़ी मानी जा रही है इस सुनियोजित घटना की जानकारी परिजनों को सुबह लगी यह पेड़ घर के पिछवा? ( कोलिया ) में लगे हुए थे । डॉ नीलेश पांडेय सतना में सर्जन है। इस घटना को चोरों ने बीती रात्रि अंजाम दिया फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।




# 315 बोर कट्टे सहित दो आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजे गए

## अवैध हथियार पर पुलिस की सख्त कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सतना, 2 अप्रैल. मैहर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे 315 बोर का कट्टा और जिंदा करतूत बरामद किया है.**

पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अमरपाटन ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन एवम थाना प्रभारी अमरपाटन निरीक्षक विजय सिंह परस्ते के नेतृत्व में थाना अमरपाटन पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने वाले दो आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया ।मुखबिर सूचना पर पुलिस टीम द्वारा ग्राम परसवाही क्षेत्र में घेराबंदी कर शाहिल यादव ( 19 वर्ष) निवासी परसवाही को पकड़ा गया, जिसके कब्जे से 315 बोर का देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

पूछताछ में आरोपी ने उक्त हथियार वीरेंद्र यादव (25 वर्ष) निवासी दलदल, जिला सतना से प्राप्त होना बताया। इसके आधार पर पुलिस ने वीरेंद्र यादव को भी गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें उपजेल मैहर भेज दिया गया

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

निरीक्षक विजय सिंह परस्ते, सउनि अनिल त्रिपाठी, सउनि हरीलाल वर्मा, सउनि राजू निपाने, आरक्षक सुरजीत सिंह एवं आरक्षक गुड्डू यादव शामिल रहे .

# जवारा विसर्जन कर लौट रहे श्रद्धालुओं पर हमले के मामले में एफआईआर दर्ज

## रात में थाने के बाहर पीड़ितों ने लगाया जाम, बाद में पुलिस की समझाइस से मामला टला

नवभारत न्यूज

**सतना, 2 अप्रैल. कोलगवां थाना क्षेत्र में बीती रात भरजुना में जवारा विसर्जन कर लौट रहे श्रद्धालुओं पर प्राण घातक हमला कर घायल करने वाले आरोपियों पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज लिया है। वहीं घायलों का ईलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।**

घटना की सूचना पर विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता जिला अस्पताल पहुंच कर घायलों के स्वास्थ्य की जानकारी लेकर उपचार की व्यवस्था कराई तथा पुलिस के अधिकारियों से मामले में सख्त कार्रवाई का आग्रह किया। शाम दूसरी एफआईआर दर्ज कर आरोपियों पर महिलाओं से छेड़छाड़ और अभद्रता करने का आरोप लगाया गया।

इस संबंध में फरियादी लक्ष्मी दाहिया पिता कन्हैयालाल दाहिया उम्र 42 वर्ष निवासी टिकुरिया टोला बाईपास दुर्गा नगर वार्ड न. 37 थाना कोलगवां जिला सतना का हमराह सचिन शुक्ला एवं जितेन्द्र गुप्ता एवं देवनारायण दाहिया, सुशीला दाहिया, केसनिया दाहिया, राहुल दाहिया, सुषमा दाहिया, रीतू दाहिया, रजनीश दाहिया, गंगादीन बुनकर, युवराज



विश्वकर्मा के थाना आकर मौखिक रिपोर्ट किया कि दिनांक 01/04/26 को मेरे मोहल्ले में दुर्गा नगर मंदिर से जवा को लेकर अपने मोहल्ले के सभीजनो के साथ ट्रैक्टर ट्राली, कार से %मंदिर गये हुये थे रात्रि करीबन 10 बजे समापन हुआ फिर भरजुना मंदिर से वापस सकुशल अपने घर वापस आ रहे थे जैसे ही रात्रि समय करीबन 10.30 बजे साईडिंग पहुंचे वहीं पर समीर खान पूर्व सरपंच एवं अलीम खान दोनो निवासी साईडिंग व उसके 10-12 अन्य साथीगण आये और सभी लोगो को रोक लिये व शराब पीने के लिये एक हजार रुपये मांगने लगे तब हमलोग मना किये बोले पैसे नहीं है तो समीर खान उर्फ सम्मी एवं अलीम खान तथा उनके 10-12 साथीगण सभी लोग एक राय होकर मां बहन की गंदी गंदी गाली देते हुये लाठी डंडा से मारपीट करने लगे एवं महिलाओं से अभद्रता करने लगे मेरे छोटे भाई सोनू दाहिया की स्वीफ्ट कार क्रमांक एमपी 19 जेएम 1867 को डंडा मार दिये कांच टूट गया गाडी काफी छतिग्रस्त हो गई। मारपीट से देवनारायण दाहिया, सुशीला दाहिया, केसनिया दाहिया, राहुल दाहिया, सुषमा दाहिया, रीतू दाहिया, रजनीश दाहिया, गंगादीन बुनकर को मारपीट से चोट आई है। तब सभी लोग गंदी गाली देते हुए बोले कि आज तुम लोगो को जान से खत्म कर डालेगें। मारपीट के दौरान सुशीला दाहिया की चैन गिर गई एवं युवराज विश्वकर्मा का वन प्लस का मोबाईल गिर गया है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कर रही है।

# फायर अधिकारी की लापरवाही से हुई चोरी? शिकायत तक दर्ज नहीं

नवभारत न्यूज

**सतना, 2 अप्रैल. शहर में कानून-व्यवस्था और विभागीय लापरवाही को उजागर करने वाली एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां कोलगवां थाने के ठीक सामने स्थित नगर निगम के दमकल स्टेशन में दिनदहाड़े चोरी हो गई।**

यह घटना बुधवार शाम करीब 4 बजे की बताई जा रही है, जिसने सुरक्षा इंतजामों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।




विभागीय सूत्रों के अनुसार चोरी स्टेशन प्रभारी कौशलेंद्र सिंह के चेंबर से हुई है। उस समय ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ में विनीत राव और आशीष सिंह शामिल थे, बावजूद इसके चोर बड़ी आसानी से वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि चोर करीब 5 वायरलेस सेट, एक इमरजेंसी मोबाइल, चार्जर सहित अन्य जरूरी उपकरण अपने साथ ले गए। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि इतनी गंभीर घटना के बावजूद इसकी शिकायत संबंधित थाने में दर्ज नहीं कराई गई है। सूत्रों का कहना है कि विभागीय स्तर पर मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है। इस पूरे घटनाक्रम में प्रभारी फायर अधिकारी सुलभ पाठक की निष्क्रियता भी सामने आ रही है, जिसके चलते इस तरह की वारदात दिनदहाड़े हो गई।

# सतना में नई संपत्ति गाइडलाइन जारी

नवभारत न्यूज

**सतना 2 अप्रैल. जिले में अचल संपत्तियों के बाजार मूल्य निर्धारण के लिए नई गाइडलाइन जारी कर दी गई है।**

कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला मूल्यांकन समिति सतना डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा जारी आदेश के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु यह गाइडलाइन 1 अप्रैल 2026 से प्रभावशील हो गई है। यह गाइडलाइन भारतीय मुद्रांक अधिनियम 1899 के तहत तथा मध्यप्रदेश बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांत 2018 के प्रावधानों के अनुरूप तैयार की गई है। केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड की स्वीकृति के बाद जिला मूल्यांकन समिति द्वारा प्रस्तावित दरों को अंतिम रूप दिया गया है। नई गाइडलाइन में आवासीय आरसीसी निर्माण सहित विभिन्न श्रेणियों की संपत्तियों के लिए दरें निर्धारित की गई हैं, जिनके आधार पर अब रजिस्ट्री और मूल्यांकन की प्रक्रिया संपन्न होगी।

# भाजपा के बरौंधा मण्डल में प्रशिक्षण वर्ग का हुआ समापन

नवभारत न्यूज

**सतना, 2 अप्रैल. भाजपा के बरौंधा मण्डल के प्रशिक्षण वर्ग 2026 का समापन गुरुवार को किया गया नानाजी श्रद्धा केन्द्र नकैला में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग मे बरौंधा मण्डल से ब?ी संख्या मे कार्यकर्ताओ ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर प्रशिक्षित होने का प्रमाण पत्र प्राप्त किया।**



प्रशिक्षण वर्ग मे भाजपा जिलाध्यक्ष पं. भगवती प्रसाद पाण्डेय ने बूथ प्रबंधन एवं मन की बात विषय पर महत्वपूर्ण विचार रखे। चित्रकूट विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियां विषय पर चर्चा की। इसके अतिरिक्त विजय तिवारी, कार्तिकेय द्विवेदी, ओम प्रकाश शर्मा, जयप्रताप गुप्ता, संजीव द्विवेदी, पंकज सिंह परिहार ने अपने- अपने विषयो के माध्यम से कार्यकर्ताओ को अवगत कराया। भाजपा जिलाध्यक्ष पं भगवती प्रसाद पाण्डेय ने बरौंधा मण्डल के प्रशिक्षण वर्ग को सम्बोधित करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा आयोजित किये जाने वाले प्रमुख कार्यक्रम बूथ मे अनिवार्य रुप से होने चाहिए जिससे बूथ स्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओ ने न केवल सक्रियता बनी रहती है बल्कि पार्टी संगठनके उद्देश्य आमजनता तक पहुचते है। उन्होने कहा कि बूथ कमेटी के पदाधिकारियो को समाज के सभी वर्गो को जो?कर संगठन की मजबूती के लिए कार्य करना चाहिए। श्री पाण्डेय कहा कि बूथ कमेटियों मे जमीनी कार्यकर्ताओ को स्थान देकर प्रभावशाली और मजबूत बनाया जा सकता है।

# मैहर में डाक्टर और स्टाफ ने किया 40 यूनिट रक्तदान

नवभारत न्यूज

**मैहर 02 अप्रैल. मैहर सिविल अस्पताल में ब्लड बैंक में रक्त की शार्टेज को देखते हुए सिविल सर्जन डॉ. आरएन पाण्डेय, डॉ. पृथ्वीराज सिंह, डॉ. अंकिता पाण्डेय तथा अस्पताल के पैरामेडीकल स्टाफ ने स्वप्रेरणा से रक्तदान किया।**



मैहर अस्पताल में आयोजित ब्लड डोनेशन कैम्प में चिकित्सक और अस्पताल स्टाफ द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान कुल 40 यूनिट रक्त बैग का कलेक्शन किया गया। इसी प्रकार जिला अस्पताल सतना के सिविल सर्जन डॉ. अमर सिंह के प्रयासों से औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र सतना के एनसीसी कैडेटो द्वारा 30 यूनिट रक्तदान हुआ।

### राज्य स्तरीय पदक विजेताओं के लिए खेलवृत्ति के आवेदन आमंत्रित

**सतना 02 अप्रैल** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण मध्यप्रदेश द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए राज्य स्तरीय खेलवृत्ति हेतु जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह खेलवृत्ति उन खिलाड़ियों को प्रदान की जाएगी, जिन्होंने 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक हासिल किए हैं। इनमें स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को 10 हजार रुपये, रजत पदक विजेताओं को 8 हजार रुपये तथा कांस्य पदक विजेताओं को 6 हजार रुपये की खेलवृत्ति राशि प्रदान की जाएगी।



# श्रीमद् भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

नवभारत न्यूज

**सतना, 2 अप्रैल. नई बस्ती में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पावन अवसर पर आज भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। जैसे ही जन्मोत्सव का प्रसंग आया, पूरा वातावरण भक्ति रस में सराबोर हो उठा और श्रद्धालु जय श्री कृष्ण के जयघोष से गूंज उठे।**

इस अवसर पर कथा श्रोता श्री केसरी गुप्ता एवं श्रीमती कौशल वाई गुप्ता ने श्रद्धापूर्वक श्रीमद्भागवत कथा ग्रंथ को धारण कर विधिवत पूजा-अर्चना करते हुए कथा श्रवण किया। कथा वाचक पं. विनोद कृष्ण महाराज ने अपने मधुर, भावपूर्ण एवं संगीतमय प्रवचनों से सभी श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

उन्होंने श्रीमद्भागवत महापुराण की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि यह केवल एक धार्मिक कथा नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक मार्गदर्शक है।

उन्होंने अपने प्रवचन में भक्ति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान के नाम का स्मरण ही जीवन को सार्थक बनाता है। भागवत कथा आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है, जो जीवन में शांति, संतोष और सकारात्मकता का संचार करती है।

### एक नजर में



### विहिप - बजरंग दल ने की महा आरती

**सतना।** हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विहिप बजरंग दल द्वारा नजीराबाद स्थित हरदौल बाबा बजरंगबली के मंदिर में महा आरती की गई साथ ही हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ कर प्रसाद का वितरण किया गया। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बजरंग दल के द्वारा जिला उपाध्यक्ष नरेश शुक्ला के नेतृत्व में कामता टोला स्थित मंदिर में, जिला उपाध्यक्ष रावेंद्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में खोवा मंडी में, और जिला प्रचार प्रमुख सुमित परोहा के नेतृत्व में पी एच ई परिसर में, कोठी में प्रखंड मंत्री विवेक पाठक के नेतृत्व में कोठी चिकित्सालय, कोठी थाना में तो रामपुर में हनुमानगंज के हनुमान मंदिर में जिला सत्संग प्रमुख प्रशांत सिंह राठौर के नेतृत्व में सुंदरकांड के पाठ व भंडारे का आयोजन किया गया ।

### सिन्धु विकास समिति ने अर्पित की शोक श्रद्धांजलि

**सतना।** वरिष्ठ समाजसेवी एवं सिन्धु विकास समिति के सहयोगी मनमोहन माहेश्वरी की पूजनीय माता श्रीमती श्रद्धेय श्रीमती सुराजा देवी माहेश्वरी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की ।समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने माता जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रख कर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की ।समिति के अध्यक्ष विनोद गेलानी ने कहा स्वर्गीय सुरजा देवी माहेश्वरी जी एक सरल धर्म परायण एवं समाजसेवी मिलनसार थी जिनका जीवन समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहेगा उन्होंने अपने जीवन काल में सदैव सेवा सहयोग और सद्भाव का संदेश दिया।



### मैहर में केंद्रीय विद्यालय की शुरुआत

**सतना** .जिले में शैक्षणिक सत्र 2026-27 से भारत सरकार द्वारा संचालित केंद्रीय विद्यालय की स्थापना हो चुकी है। विद्यालय का संचालन यात्री निवास क्रमांक 3 वृद्ध आश्रम के सामने मैहर में किया जा रहा है। विद्यालय में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है, जिसकी अंतिम तिथि 2 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। कक्षा 1 में प्रवेश के लिए आवेदन ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा, जबकि कक्षा 2, 3, 4 और 5 के लिए अभिभावकों को विद्यालय कार्यालय से ऑफलाइन फॉर्म प्राप्त कर जमा करना होगा। कक्षा 1 में प्रवेश के लिए छात्र की आयु 31 मार्च 2026 को न्यूनतम 6 वर्ष और अधिकतम 7 वर्ष निर्धारित की गई है। ऑनलाइन आवेदन करते समय अभिभावकों को अपनी शासकीय सेवा का विवरण और प्रवेश श्रेणी का सही चयन करना अनिवार्य होगा, क्योंकि केंद्रीय विद्यालयों में प्रवेश प्राथमिकता शासकीय सेवा के आधार पर दी जाती है। आरटीई के तहत प्रवेश लेने के इच्छुक अभिभावकों को अपनी श्रेणी जैसे एससी, एसटी, ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर), बीपीएल या ईडब्ल्यूएस का उल्लेख आवेदन में करना होगा। कक्षा 2 से 5 के लिए ऑफलाइन फॉर्म जमा करते समय संबंधित प्रमाण पत्रों के साथ अभिभावक की सेवा से जुड़े दस्तावेज भी संलग्न करना आवश्यक है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के 6वे दिन विधायक ने दी जानकारी

नवभारत न्यूज

**सतना 02 अप्रैल. राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत ग्राम माधवगढ़ में आयोजित कार्यक्रम का छठवां दिवस गुरुवार को उत्साह और उमंग के साथ सम्पन्न हुआ।**

यह शिविर 28 मार्च से 3 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। दिन की शुरुआत प्रात:कालीन प्रभात फेरी से हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने ग्राम में भ्रमण कर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता के संदेश प्रसारित किए। इस दौरान ग्रामीणों की भी सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। प्रभात फेरी के उपरांत स्वयंसेवकों द्वारा योग, व्यायाम, परेड एवं पी.टी. का आयोजन किया गया, जिससे उनमें अनुशासन और शारीरिक क्षमता का विकास हुआ। परियोजना कार्य के तहत जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम के नालों की सफाई एवं रखरखाव किया गया। साथ ही नालों के किनारे सोख्ता गड्ढों का निर्माण कर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। स्वयंसेवकों ने वृक्षों में पानी एवं मिट्टी डालकर



पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी कार्य किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सतना विधायक सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में ए.के.एस. यूनिवर्सिटी, सतना के कुलपति डॉ. हर्षवर्धन श्रीवास्तव ने संबोधित किया। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. अजय यादव क्रीड़ा अधिकारी, डॉ. एन.के. भगत, अरुण यादव एवं विधायक प्रतिनिधि योगेश कुशवाहा शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एस.सी. राय ने की। मुख्य अतिथि विधायक सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा ने स्वयंसेवकों को नियमित डायरी लेखन की प्रेरणा देते हुए जीवन में लक्ष्य निर्धारण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। डॉ. हर्षवर्धन श्रीवास्तव ने समाज में सकारात्मक परिवर्तन हेतु सक्रिय सहभागिता पर जोर देते हुए कहा कि निरंतर प्रयास से ही समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने यह भी कहा कि एक अच्छा वक्ता वही होता है, जो पहले एक अच्छा श्रोता बनता है। डॉ. क्रांति मिश्रा ने स्वयंसेवकों के नेतृत्व कौशल की सराहना करते हुए कहा कि वे अब निर्णय लेने में सक्षम होकर एक अच्छे नेतृत्वकर्ता के रूप में विकसित हो रहे हैं। प्राचार्य डॉ. एस.सी. राय ने स्वयंसेवकों पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि वे महाविद्यालय एवं समाज का नाम अवश्य रोशन करेंगे।